**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous (Petition) No. 2637/2026

Krishna Kumar Soni S/o Shri Nortaram Soni, Aged About 25 Years, Resident Of Village Shekhisar, At Present Residing At Village Bhojdesar, Police Station Sadar Fatehpur, Tehsil Ramgarh Shekhawati, District Sikar (Raj).

----Petitioner

Versus

1. State Of Rajasthan, Through Public Prosecutor.
2. Rameshwar Singh S/o Shri Heeraram Ranwa, Resident Of Village Bhojdesar, Tehsil Ramgarh Shekhawati, District Sikar (Raj).

----Respondents

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Girraj Prasad Bairwa, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. M. S. Shekhawat, PP |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Judgment / Order**

**27/04/2026**

विद्वान अधिवक्ता याची/अभियुक्त का सीमित निवेदन है कि दिनांक 25.02.2026 के आदेश की पालना में आदेशित राशि जमा कराने हेतु आज से 15 दिन का समय दिया जावे अर्थात् विस्तारित किया जावे।

अभिलेख का अवलोकन किया गया।

याची/अभियुक्त को संबंधित विचारण न्यायालय द्वारा धारा 138 एनआईएक्ट के अपराध में दोषसिद्ध व दण्डित किया गया है। विद्वान अपीलीय न्यायालय द्वारा दिनांक 25.02.2026 के आदेश के माध्यम से प्रतिकर राशि का 20 प्रतिशत 15 दिन में विचारण न्यायालय के समक्ष जमा कराये जाने का आदेश दिया गया।

विद्वान अधिवक्ता याची का निवेदन है कि 15 दिन में यह राशि जमा नहीं कराई जा सकी है, अभियुक्त की आर्थिक स्थिति विषम है। इस आधार पर 15 दिन का समय विस्तारित किये जाने का निवेदन किया।

संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए विद्वान अपीलीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.02.2026 की पालना में आदेशित राशि जमा कराने हेतु दिनांक 22.05.2026 तक का समय प्रदान किया जाता है।

इसी अनुसार यह याचिका निस्तारित की जाती है।

(UMA SHANKER VYAS),J

Murari Lal Sharma /88